प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. दूसरे और अंतिम चरण के लिए राज्य की 38 विधानसभा सीटों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सवेरे सात बजे से मतदान जारी, बूथों पर लगी मतदाताओं की कतार।
2. स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध, मतदान वाले इलाकों में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती।
3. चुनाव आयोग ने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की, सीसीटीवी कैमरे से हो रही है मतदान केंद्रों की निगरानी।
4. दूसरे और अंतिम चरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो और चार मंत्रियों समेत कई प्रमुख नेताओं के भाग्य का होगा फैसला।
5. आदर्श आचार संहित लागू होने के बाद राज्य में अबतक 200 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में आज 38 निर्वाचन क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। सबसे पहले सभी बूथों पर सुबह साढ़े पांच बजे सफलतापूर्वक मॉक पोल कराया गया। इसके बाद सात बजे से मतदान शुरू हुआ। इस चरण में चौदह हजार दो सौ अठारह बूथों पर मतदान हो रहा है। इनमें से 31 संवेदनशील बूथों पर शाम चार बजे तक जबकि अन्य सभी बूथों पर शाम पांच बजे मतदान समाप्त होगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

अब आपको सीधे लिये चलते हैं रांची, जहां के दो विधानसभा क्षेत्रों में मतदान जारी है। कर्मबीर आप बतायें आपके इलाके में कैसी चल रही है मतदान प्रक्रिया।

*****************

साहिबगंज जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में आज वोट डाले जा रहे हैं।

*****************

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। प्रत्येक बूथ पर केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के जवानों की तैनाती की गई है। अंतर–जिला सीमाएं सील कर दी गई हैं। बिहार और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ और असमाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए संयुक्त अभियान शुरू किया गया है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हेलीकॉप्टर की भी व्यवस्था की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाताओं से बिना किसी भय के वोट डालने की अपील की।

*****************

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि सभी 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के वेबकास्टिंग द्वारा की जा रही है।

*****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि राज्य में चुनाव की घोषणा के बाद अब तक 200 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री और नगदी जब्त की गयी है। उन्होंने यह भी बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के अब तक 90 मामले दर्ज किये गये हैं।

*****************

राजधानी रांची समेत राज्य के सभी हिस्सों में सुबह और रात की ठंड बढ़ने लगी है। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले आठ दिनों में न्यूनतम तापमान में सात डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयी है। खूंटी का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव आठ डिग्री जबकि गुमला का नौ दशमलव पांच डिग्री और रांची का न्यूनतम तापमान दस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। वहीं लोहरदगा का

न्यूनतम तापमान दस दशमलव चार डिग्री जबकि पश्चिमी सिंहभूम, चतरा और गढ़वा का 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

*****************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी अखबारों ने दूसरे चरण के मतदान की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर लिखता है– 38 सीटों पर वोटिंग आज, इंडिया गठबंधन में कांग्रेस –माले को दिखाना होगा दम, एनडीए में आजसू की भी परीक्षा

हिंदुस्तान के शब्द हैं– सिल्ली और खिजरी समेत 38 सीटों पर मतदान आज।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– ये 38 सीटें तय करेंगी, किसकी बनेगी सरकार।

दैनिक जागरण लिखता है– सत्ता संग्राम की निर्णायक सीटों पर आज मतदान।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने भी चुनाव की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*******समाप्त*******